वी. यू. द्वारा पशु पालकों को वर्षा ऋतु में पशुओं का आहार एवं पशु रोग रोकथाम विषय पर आई.सी.सी.आई फाउंडेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई

जबलपुर। आज दिनांक 4 जून 2020 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. एस. पी. तिवारी जी की अभिप्रेरणा एवं मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय एवं आई.सी.सी.आई फाउंडेशन के द्वारा पशुपालकों को वर्षा ऋतु के दौरान पशुओं के आहार एवं उनमें होने वाले रोगों की रोकथाम के लिए चर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें ना.दे. प. चि. वि. वि. के अन्तर्गत चल रहे फार्मर फर्स्ट प्रोजेक्ट के पी.आई. (मुख्य अन्वेषक) डॉ. ए.के. गौर द्वारा ग्रुप वॉइस कॉल के माध्यम से 25 किसानों से चर्चा की गई एवं उनको वर्षा ऋतु में पशुओं को कैसा आहार देना और पशुओं में रोगों की रोकथाम के लिए अनेक महत्वपूर्ण जानकारी पशुपालकों को प्रदान की। वि.वि. पशुपालकों के लिए निरंतर इस प्रकार के आयोजन करता आया है जो भविष्य में भी जारी रहेगा।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे. प. चि. वि. वि. जबलपुर (म.प्र.)